## खबर संक्षेप

### मारपीट करने वाले 2 आरोपियों गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना में 05 अगस्त को फरियादी देवशरण कोल द्वारा रिपोर्ट लेख कराया गया कि 03 अगस्त के रात्रि 11 बजे शक्तिमान सिंह राठौर तथा अतुल सिंह राठौर दोनो निवासी ग्राम मिठौरी के सिंहपुर तरफ से मोटर सायकल से आये और अजय सिंह को गाली-गलौच करने लगे मना करने पर दोनो ने अजय सिंह के साथ मारपीट कर भाग गए। अजय सिंह को बेहोशी हालत में अस्पताल में ईलाज हेतु भर्ती कराये की रिपोर्ट पर थाना सिंहपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी अतुल सिंह पिता स्व. मणिलाल सिंह उम्र 21 वर्ष एवं शक्तिमान सिंह पिता स्व. रामनिवास सिंह उम्म्र 28 वर्ष दोनो निवासी ग्राम मिठौरी थाना सिंहपुर को 18 अगस्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिंहपुर निरीक्षक मुन्ना लाल राहंगडाले के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक लोलर प्रसाद मिश्रा, प्रधान आरक्षक सोमित पटेल, सुनील शुक्ला, आरक्षक जोगेन्द्र सिंह घुरैया एवं आलोक सिंह बघेल की भूमिका रही है।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना गोहपारू का किया निरीक्षण



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने थाना गोहपारू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर मे हवालात, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, सी.सी.टी.वी, संधारित विभिन्न रजिस्टर, थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री को भी चेक किया एवं जरायम व व्ही.सी.एन.वी रजिस्टर को चेक कर टीप अंकित की। उन्होंने थाना प्रभारी एवं बीट प्रभारियों को निगरानी एवं गुंडा बदमाशों को नियमित रूप से चेक करने की हिदायत दी। ड्यूटी पर उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी से चर्चा कर थाना प्रभारियों को बेहतर व सुदृढ़ पुलिसिंग तथा आमजन हेतु पुलिस की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

### 20 अगस्त को दिलाई जाएगी सद्भावना दिवस की शपथ

**शहडोल।** डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते ने बताया कि 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के अवसर पर अधिकारियो एवं कर्मचारियो को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सद्भावना शपथ सभी शासकीय कार्यालयों में 20 अगस्त को प्रातः 11 बजे सामूहिक रूप से ली जाएगी। सद्भावना दिवस के अवसर पर दिलाई जाने वाली शपथ- मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म, अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा/करूंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद, बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा/सुलझाउंगी।

### 21 अगस्त को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन

**शहडोल।** प्राचार्य संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था एस.के.वर्मा ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शहडोल में 21 अगस्त 2025 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में श्री राम लाइफ इन्श्योरेंस, एसआईएस सिक्योरिटी, प्रतिभा सिंटेक्स पीथमपुर, ग्रोफास्ट एग्रीटेक प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर, षिवषक्ति एग्रीटेक लिमिटेड जबलपुर, एलआईसी इंडिया लिमिटेड शहडोल, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रायवेट लिमिटेड रीवा आदि कम्पनियां सम्मिलित होगी।

# ...तो शहडोल में नहीं परोसा जा रहा तेल के नाम पर जहर!



**संभाग में मिलावटी खाद्य तेल का कारोबार वर्षों से धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है। खाद्य एवं औषधि विभाग के प्रभारी आर.पी. सोनी की लापरवाही से नकली और मिलावटी तेल खुलेआम बिक रहा है। हाल ही में अनूपपुर में छापामार कार्रवाई ने पूरे खेल का भंडाफोड़ कर दिया, लेकिन सवाल यह है कि शहडोल जैसे बड़े बाजारों में आखिर कब तक यह जहर आम लोगों को परोसा जाएगा।**

## खाद्य एवं औषधि विभाग की भूमि पर सवाल
## खतरे में लोगों का स्वास्थ्य
## अधिकारी केवल बैठकों तक सीमित

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिले में खाद्य तेल के नाम पर मिलावट का खेल कोई नया नहीं है। स्थानीय बाजारों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक खुलेआम मिलावटी सरसों का तेल बिक रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इन जिलों का खाद्य एवं औषधि विभाग का प्रभार संभालने वाले अधिकारी आर.पी. सोनी को कभी यह कारोबार नजर ही नहीं आता। अनूपपुर जिले में बृजधाम ट्रेडर्स पर जब पतंजलि की शिकायत पर छापा मारा गया तो नकली 'महादेवम' नामक तेल की बड़ी खेप जब्त हुई। अदालत के आदेश पर हुई इस कार्रवाई से यह साबित हो गया कि मिलावट का खेल वर्षों से बेखौफ जारी है। सवाल यह है कि विभागीय अधिकारी अब तक इस पर कार्रवाई क्यों नहीं कर पाए।

### शहडोल जिला मिलावटखोरों का गढ़

शहडोल शहर ही नहीं बल्कि बुढ़ार, धनपुरी, गोहपारू, जयसिंहनगर और ब्यौहारी जैसे कस्बों और ग्रामीण इलाकों में मिलावटी सरसों का तेल धड़ल्ले से खपाया जा रहा है। यहां के बाजारों में पाम ऑयल, राइस ब्रान और सोया ऑयल मिलाकर नकली सरसों का तेल बनाया जाता है। इस तेल में न तो सरसों की खुशबू होती है और न ही गुणवत्ता, लेकिन साठ-सत्तर रुपये लीटर में धड़ल्ले से बिकता है। इससे न केवल लोगों की सेहत खतरे में है, बल्कि असली कारोबारियों का बाजार भी चौपट हो रहा है। शहर में अग्रवाल, गुप्ता, रमेश और अन्य तेल मिल संचालकों पर लंबे समय से मिलावट करने के आरोप हैं। इनके खिलाफ कोई ठोस जांच नहीं हुई है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी जांच करने के नाम पर महज औपचारिकता निभाते हैं। यही वजह है कि तेल माफिया आज तक फल-फूल रहे हैं।

### जनता में आक्रोश, विभाग की ढिलाई

आम उपभोक्ता रोजाना मिलावटी तेल का सेवन कर रहे हैं। यह तेल स्वास्थ्य के लिए धीमा जहर साबित हो रहा है। महंगाई के इस दौर में गरीब और मध्यमवर्गीय लोग सस्ता तेल खरीदने को मजबूर हैं और नकली तेल का धंधा उसी मजबूरी का फायदा उठा रहा है। जनता में इस खेल को लेकर भारी आक्रोश है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की नींद अब तक नहीं टूटी है।

### अनूपपुर में कार्रवाई, शहडोल में क्यों चुप्पी?

अनूपपुर जिले में पतंजलि की शिकायत पर कानूनी कार्रवाई हुई और बड़ी मात्रा में नकली तेल, पैकेजिंग मटेरियल जब्त किया गया। यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस और न्यायालय के आदेश पर हुई, न कि खाद्य एवं औषधि विभाग की तत्परता से। यही विभाग जब शहडोल में आता है तो क्यों खामोश हो जाता है? क्यों यहां के तेल माफिया को संरक्षण दिया जा रहा है? ग्रामीण क्षेत्रों में हर गली-मोहल्ले तक नकली तेल पहुंच रहा है, लेकिन विभागीय अधिकारी केवल बैठकों और फाइलों तक सीमित हैं।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि शहडोल जिले के सभी बड़े तेल मिलों—अग्रवाल, गुप्ता, रमेश और अन्य संचालकों की तत्काल जांच की जाए। बुढ़ार, धनपुरी, गोहपारू, जयसिंहनगर और ब्यौहारी के बाजारों में भी नमूने लेकर परीक्षण किया जाए। साथ ही, खाद्य एवं औषधि विभाग के प्रभारी आर.पी. सोनी की लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच कर उन पर कार्रवाई की जाए, क्योंकि उनकी नाक के नीचे यह मिलावटी कारोबार वर्षों से चल रहा है और वह आंखें मूंदे बैठे हैं।

### करें दोषियों पर कार्यवाही

शहडोल और अनूपपुर में नकली तेल का कारोबार जनता की जान से खिलवाड़ है। इस पूरे खेल में मिलावटखोरों और जिम्मेदार विभाग के बीच मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। जब अदालत के आदेश पर छापा पड़ सकता है तो स्थानीय स्तर पर क्यों नहीं? विभागीय लापरवाही और मिलीभगत का नतीजा है कि जनता जहरीला तेल खाने को मजबूर है। अब वक्त आ गया है कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे।



# कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण के दिए निर्देश

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त हिदायत

शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक और समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निपटारा सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि मैदानी स्तर पर भी समाधान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तर के प्रमुख अधिकारी स्वयं शिकायतों की मॉनीटरिंग करें और जिन विभागों में शिकायतें कम संख्या में हैं, वहां की शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण अनिवार्य रूप से कराया जाए।

### लोक सेवा गारंटी अधिनियम पर जोर

बैठक में कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित सेवाओं को समय-सीमा के भीतर प्रदाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में सिटिजन चार्टर लागू है, वहां सेवाओं की उपलब्धता समय-सीमा में सुनिश्चित होनी चाहिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा सहित अन्य विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की और समय रहते समाधान करने की सख्त हिदायत दी।

### बैठक में रहे अधिकारी

समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे, अन्तोनिआ एक्का, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों ने की सर्वे और मुआवजे की मांग, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# कीट-व्याधि और पीला मोजेक से बर्बाद हुई सोयाबीन

शहडोल।



जिले की सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायत कठौतिया के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष खरीफ सीजन में बोई गई सोयाबीन की फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। कीट-व्याधि और पीला मोजेक रोग ने फसल को इस कदर बर्बाद कर दिया है कि किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि तहसील सोहागपुर के अमरहा और सिंहपुर, तथा तहसील बुढ़ार के खैरहा क्षेत्र के अधिकांश किसानों की मुख्य खरीफ फसल सोयाबीन ही है। किसान पूरे भरोसे के साथ बोनी कर चुके थे, लेकिन रोग और कीट प्रकोप के कारण खेतों में खड़ी फसल नष्ट हो रही है। किसानों का कहना है कि बार-बार कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव करने के बाद भी रोग पर नियंत्रण नहीं हो रहा, जिससे उनकी सारी मेहनत और लागत डूबती जा रही है।

किसानों ने चिंता व्यक्त की है कि कर्ज के बोझ तले दबा किसान अब इस प्राकृतिक आपदा से और अधिक संकट में फंस गया है। फसल पूरी तरह बर्बाद होने से न सिर्फ खेती का भविष्य अधर में है बल्कि परिवार का भरण-पोषण भी गंभीर संकट का विषय बन गया है। कई किसान साहूकारों और बैंकों से कर्ज लेकर खेती करते हैं। अब जब फसल ही नष्ट हो गई तो कर्ज चुकाने की स्थिति नहीं बची।

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि यदि जल्द ही नुकसानग्रस्त फसलों का सर्वे नहीं कराया गया और मुआवजा नहीं दिया गया, तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। किसानों का कहना है कि यह प्राकृतिक विपदा है, और सरकार का कर्तव्य है कि प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत पहुँचाए।

कलेक्टर से मांग की गई है कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत सर्वे कराया जाए और किसानों को मुआवजा राशि दिलाई जाए। किसानों ने कहा कि सरकार बड़े-बड़े वादे तो करती है, लेकिन जब वास्तविक विपदा आती है तो राहत का इंतजार लंबा हो जाता है। यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो किसानों के सामने आत्मनिर्भरता नहीं बल्कि आत्महत्या जैसे हालात उत्पन्न हो जाएंगे। ग्राम पंचायत कठौतिया के ग्रामीणों के साथ ही आसपास के अंचलों के किसान भी अब प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं कि आखिर उनकी मेहनत की कमाई और तबाही का मुआवजा कब मिलेगा।

## संविदा संयुक्त संघर्ष मंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग तेज़



## मांगें नहीं मानी तो करेंगे आंदोलन

शहडोल।

संविदा संयुक्त संघर्ष मंच, मध्यप्रदेश की जिला इकाई शहडोल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। रैली निकालकर पहुंचे संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण नीति लागू करने और सेवा शर्तों में सुधार की माँग की। जिला संयोजक मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को अब तक स्थायी समाधान नहीं मिल पाया है।

### ज्ञापन में मुख्य रूप से रखी गईं माँगें

22 जुलाई 2023 की संविदा नीति का सभी विभागों पर समान रूप से लाभ।, महंगाई भत्ता और वार्षिक वेतनवृद्धि। वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति। अंतिम भर्ती में 50 प्रतिशत प्राप्तांक व अनुभव को जोडक़र वरीयता सूची, न्यूनतम कटऑफ 33 प्रतिशत। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ और सेवा अवधि की गणना। एक माह में विभागवार सूची जारी कर नियमितीकरण प्रक्रिया शुरू की जाए। साथ ही 43 संविदा समितियों की अनुशंसा पर कृषि विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायक ग्रेड-2, एनआरएलएम, एसबीएम, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल, ब्लॉक समन्वयक, रोजगार सहायक समेत विभिन्न पदों को नियमित करने की मांग की गई।

### कृषि विभाग के संविदा कर्मचारी भी शामिल हों

ज्ञापन में विशेष रूप से कहा गया कि कृषि विभाग में एमपी ऑनलाइन के माध्यम से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को भी नियमितीकरण प्रक्रिया में जोड़ा जाए। संघर्ष मंच ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही शासन स्तर पर ठोस निर्णय नहीं हुआ तो संविदा कर्मचारी आंदोलन की राह पकड़ेंगे। जनपद पंचायत सोहागपुर कार्यालय से जिला कलेक्टर कार्यालय तक कर्मचारियों ने रैली निकालकर नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संतोष वाल्मीकि, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन दिनेश मिश्रा, जिला लेखाधिकारी आशुतोष खरे, सामाजिक अंकेक्षण समन्वयक शैलेश जैन, जिला प्रबंधक एनआरएलएम संदीप सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी दिवाकर सिंह तथा विभिन्न संविदा संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# मोदीनगर में चोरों का आतंक, पकड़ से दूर बदमाश

शहडोल।



जिला मुख्यालय में इन दिनों चोरों ने आतंक मचा रखा हुआ है आए दिन घरों के ताले तो चटक ही रहे हैं साथ-साथ अब घरों के सामने खड़े वाहनों के पाट्र्स व बैटरी भी चोरी कर रहे हैं इस मामले में शहडोल थाना कोतवाली और सोहागपुर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती चली जा रही हैं और और जिम्मेदार मामले में जांच पड़ताल कर बैठे हुए हैं।

### सीसीटीवी में कैद वारदात

सोहागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोदीनगर में इन दिनों चोरों के आतंक का केंद्र बना हुआ है मोदीनगर के कई घरों में बीते माह चोरों ने हाथ साफ कर दिए हैं लेकिन अब तक चोरी का खुलासा नहीं हो पाया है वहीं बीते दिनों 15 अगस्त की रात में ही मोदीनगर स्थित एक फैक्ट्री के सामने खड़ी माजदा गाड़ी से बैटरी चोरी हो गई इस चोरी की घटना को सीसीटीवी में कैद कर लिया गया जब वाहन मालिक को इसकी जानकारी लगी तो उसने आसपास के सीसीटीवी को खंगालना शुरू किया जिसमें दो युवक मौके पर घंटों जगह का मुआयना करते देखे गए वहीं कुछ देर बाद दोनों बैटरी लेकर भागते देखे गए लेकिन जब सुबह इनकी जांच पड़ताल की गई तो मोदीनगर के आगे ही झाड़ी के बगल में बैटरी पड़ी हुई मिली लोगों के द्वारा यह कयास लगाया जा रहे हैं कि यह बैटरी चोरी करके किसी झाड़ी के समीप फेंक देते हैं और फिर दूसरे दिन इस बैटरी को उठाकर ले जाते हैं लेकिन जागरूक लोगों की सूझबूझ से यह बैटरी तो मिल गई फिलहाल इस मामले की सूचना थाने में दे दी गई है।लेकिन इस क्षेत्र में ही चोरों की मुस्तैदी बनी हुई है जबकि यह क्षेत्र सोहागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है लेकिन आज भी इन क्षेत्रों में गस्त की कमी देखी जा रही है जिसकी वजह से यहां के क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं।

### पुलिस अधीक्षक से अपील

शहर की जनता ने समाचार पत्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से अपील की गई है कि सोहागपुर थाना क्षेत्र के मोदीनगर में पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की गई है क्योंकि लगातार बीते माह इसी क्षेत्र में चोरी की कई वारदातें घटित हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर बदरा में अचानक छत की छपाई गिरी



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** नेशनल हाईवे बदरा बस स्टैंड स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र मे जहां डिलीवरी पेशंटों का जांच किया जाता है उस रूम की छत की छपाई अचानक नीचे भरभराकर गिर गई जबकि शासन प्रशासन द्वारा बिल्डिंग बनाने के लिए कोई कमी नहीं रहती लेकिन कुछ मिली भगत के अनुसार लापरवाही का नतीजा जो आज सामने देखने को मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा ब्लीचिंग पाउडर लेने अस्पताल पहुंचे जहां उमा साहू अपनी ड्यूटी में तैनात थी जो उसी रूम में थी जिस रूम का छत गिरा। जब राजेंद्र विश्वकर्मा आवाज दिए तो उमा बाहर आई इस समय अचानक पूरे छत की छपाई नीचे गिर गई हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हो सका। ज्ञात हो कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र बदरा मे आसपास के क्षेत्र के मरीजों की भीड़ हमेशा बनी रहती है बच्चों का टीका एवं और भी कई इलाज अस्पताल में होते रहते हैं जिससे लोगों का आना-जाना बना रहता है। शासन प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था होने के बाद भी बिल्डिंग बहुत कमजोर बनाया जाता है।

### तमरहा हार के खेत में पेड़ से लटका मिला अज्ञात शव

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरवार-29 के तमरहा हार इलाके में सोमवार सुबह उस समय हडक़ंप मच गया जब धान के खेत की मेढ़ पर स्थित एक छूले के पेड़ से अज्ञात व्यक्ति का शव फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने जब शव देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना तत्काल नौरोजाबाद थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्ती कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही मौत की परिस्थितियों और कारणों की जाँच की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, शव अचानक पेड़ से लटका हुआ देखकर लोग सहम गए और पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

### 22 अगस्त को युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला 22 अगस्त को सार्विल इंस्टीट्यूट में किया गया है। जिसमें विभिन्न कंपनियां हिस्सा लेंगी। अधिक जानकारी के लिए 7869880800 पर संपर्क किया जा सकता है।

## विभागीय लापरवाही और नेताओं की चुप्पी उजागर

# तीन महीने से अंधेरे में ददराटोला के 100 घर

### ग्रामीणों ने संभागायुक्त से लगाई गुहार

**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली जनपद की ग्राम पंचायत बकेली अंतर्गत ददराटोला के लगभग 100 घर पिछले तीन महीनों से अंधेरे में डूबे हुए हैं। यहां का ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद से न तो नया ट्रांसफार्मर लगाया गया और न ही अस्थायी विद्युत आपूर्ति की कोई व्यवस्था की गई। ग्रामीणों ने 17 जुलाई 2025 को ही विद्युत विभाग को लिखित आवेदन देकर समाधान की गुहार लगाई थी, लेकिन आज तक विभाग ने सुध लेना भी जरूरी नहीं समझा। बरसात के मौसम में स्थिति और भयावह हो गई है। अंधेरे में सांप-बिच्छुओं और जहरीले कीड़ों का खतरा हर पल बना रहता है। बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो चुकी है। यह टोला बैगा बहुल्य क्षेत्र है, जिसे राज्य सरकार विशेष पिछड़ा वर्ग के रूप में संरक्षित मानती है। बावजूद इसके, इन ग्रामीणों को महीनों से बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित रखा गया है।



### नेताओं की चुप्पी, विभाग की लापरवाही

गांव के लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर स्थानीय जनप्रतिनिधि क्यों मौन हैं? बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र के विधायक और उमरिया जिले के सांसद बिजली व्यवस्था को लेकर बड़े मंचों पर बयानबाजी करते नहीं थकते, लेकिन उनके अपने क्षेत्र के बैगा बहुल टोले के लोग महीनों से अंधेरे में जी रहे हैं। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारी मंडल स्तरीय अभियंता (डीई), सहायक अभियंता (एई) और स्थानीय लाइनमैन तक ने अब तक इस समस्या को नजरअंदाज कर रखा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी दफ्तर जाते हैं तो केवल जल्दी हो जाएगा कहकर टाल दिया जाता है। न तो गांव का निरीक्षण किया गया और न ही नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया आगे बढ़ी। गौरतलब है कि सरकार हर साल ट्रांसफार्मर बदलने और रख-रखाव के लिए करोड़ों का बजट स्वीकृत करती है। लेकिन ददराटोला की स्थिति यह दिखाती है कि ये बजट आखिर कहां खर्च हो रहा है?

### हर घर रोशनी योजना की पोल खुली

राज्य और केंद्र सरकार ने हर घर बिजली पहुंचाने के लिए सौभाग्य योजना और हर घर रोशनी जैसी योजनाएं लागू की हैं। कागजों में दावा है कि 100 प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण हो चुका है, लेकिन ददराटोला के लोगों की जुबानी हकीकत बिल्कुल अलग है। ग्रामीणों का कहना है कि जब चुनाव आता है तो नेताओं के लिए बिजली सबसे बड़ा मुद्दा बन जाती है। लेकिन चुनाव खत्म होते ही वादे हवा में उड़ जाते हैं। तीन महीने से अंधेरे में जी रहे 100 घर इस बात का सबूत हैं कि योजनाएं केवल पोस्टर और भाषणों तक सीमित हैं।

### प्रशासन पर सवाल

ग्रामीणों ने अब संभागायुक्त को ज्ञापन देकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि अंधेरे के कारण यदि कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी सीधी जिम्मेदारी बिजली विभाग और जिला प्रशासन की होगी। यह भी सवाल उठता है कि जिला कलेक्टर और जनपद सीईओ जैसे जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या से कैसे अनजान रह सकते हैं? जबकि तीन महीनों से पूरा टोला बिना बिजली के है। प्रशासन की यह अनदेखी यह साबित करती है कि गरीब और पिछड़े वर्ग की समस्याएं उनके एजेंडे में कहीं नहीं हैं।

### जवाबदेही तय होनी चाहिए

इस पूरे मामले में ग्रामीणों की मांग सिर्फ इतनी है कि नया ट्रांसफार्मर तत्काल लगाया जाए और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। यदि विभाग और नेता समय रहते जवाब नहीं देंगे तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि बैगा समुदाय के प्रति सीधी उपेक्षा मानी जाएगी। सरकार का हर घर बिजली का दावा तब तक खोखला ही रहेगा, जब तक ददराटोला जैसे सैकड़ों गांवों में लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। अब सवाल यह है कि क्या विभागीय अफसर और जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे या फिर इस अंधेरे को चुनावी रोशनी का मुद्दा बनने देंगे?

## सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नही रहे । शिकायतों के निराकरण के लिए आवश्यक है कि जिला प्रमुख अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से बात करें और शिकायतों का निराकरण कराएं। बैठक में उन्होने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में संयुक्त कलेक्टर रीता डहेरिया,एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रावासों का निरीक्षण करने के निर्देश



**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने पाली पाली छात्रावास से पांच छात्राओं द्वारा बिना बताए कहीं चले जाने की घटना को गंभीरतापूर्वक लेते हुए शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान एवं जन जातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को छात्रावासों का निरीक्षण अभियान चलाकर करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि जिला अंतर्गत संचालित समस्त छात्रावासों का सात दिवस के अंदर निरीक्षण किया जाए । उन्होंने कहा कि छात्रावासों मे कैमरा चालू स्थिति में होना चाहिए, ताकि आवश्यकता पडऩे पर बैकअप प्राप्त किया जा सके। इसके साथ ही छात्रावासों में निवासरत बच्चों के कमरों की प्रति सप्ताह जांच की जाएं , यदि कोई अनुचित सामग्री पाई जाती है तो, इसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए आवश्यक कदम उठाएं जाएं। इसी तरह छात्रावासो में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होना चाहिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत

**उमरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया गया है। लोक अदालत में विद्युत प्रकरणो में छूट प्रदान की जाएगी । प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।उन्होने बताया कि आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता , उपयोगकर्ता की विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन , संयोजनों के विरुद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थिति में छूट का लाभप्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरुद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी , अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जावेगी। विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किए उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य विद्युत देयकों के विरुद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी। लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख मात्र तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी । छूट मात्र नेशनल लोक अदालत में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जावेगी।

## करकेली में ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

**उमरिया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक करकेली सभाकक्ष में 20 अगस्त को तथा पाली सभाकक्ष में 22 अगस्त को सायं 4.30 बजे से आयोजित की गई है । बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।**

### करकेली नगर क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ आयोजन प्रारंभ

उमरिया। जिले के करकेली नगर क्षेत्र के राम जानकी मंदिर में 17 अगस्त से सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरू हुआ। कथा शुभारंभ के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। यह यात्रा राम जानकी मंदिर से आरंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई कथा स्थल पहुँची, जहाँ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कथा का प्रारंभ किया गया।

### कथा व्यास ने किया भक्तों को भावविभोर

कथा का वाचन मनीष शरण जी महाराज, वृंदावन द्वारा किया जा रहा है। 18 अगस्त को कथा व्यास ने सुखदेव जन्म, कौरव-पांडव प्रसंग एवं परीक्षित कथा का विस्तार से वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का ऐसा मधुर रसपान कराया कि पूरा पंडाल भक्ति में सराबोर हो गया।

### सुबह-शाम दो सत्रों में हो रही कथा

आयोजकों के अनुसार कथा प्रतिदिन दो सत्रों में संचालित हो रही है। प्रातः कालीन सत्र - सुबह 09 बजे से 11 बजे तक एवं संध्या सत्र - शाम 04 बजे से 08 बजे तक, दोनों समय बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगरवासी कथा स्थल पर पहुँचकर धर्ममय वातावरण का अनुभव कर रहे हैं।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, युवाओं का सहयोग

कथा आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालु और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं। नगर के युवा सेवा भाव के साथ आयोजन की व्यवस्था संभाल रहे हैं। पंडाल की सजावट, जलपान वितरण से लेकर श्रोताओं के बैठने तक की जिम्मेदारी स्थानीय युवाओं ने निभाई। राम जानकी मंदिर परिसर इन दिनों धर्म और आस्था का केंद्र बना हुआ है। श्रद्धालु भक्ति गीतों, भजन और कथा श्रवण में डूबकर अध्यात्मिक आनंद ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे आयोजन से समाज में सद्भाव, एकता और आस्था की भावना मजबूत होती है।

## चचाई का रीयूनियन कार्यक्रम भावनाओं का ऐतिहासिक संगम

**हरिभूमि न्यूज, चचाई।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का पावन दिन शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई के लिए इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से अंकित हो गया। इस दिन विद्यालय के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का बहु प्रतीक्षित रीयूनियन कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामई वातावरण में संपन्न हुआ। सुबह विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य श्रीमती फानूस जमाल खान द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया राष्ट्रगान की गूंज से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया इसके बाद शिक्षक अभय मिश्रा सलमा बेगम एवं पूर्व शिक्षकों एवं वर्तमान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। छात्र-छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लेकर डीजे की धुन पर प्रभात फेरी निकाली शाम का भावनात्मक मिलन समारोह शाम 6:00 बजे एम पी ई बी हॉस्टल परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रमों में विद्यालय के सुनहरे इतिहास को पुनर्जीवित कर दिया ढोल नगाड़ों और देशभक्ति नारों के बीच पूर्व शिक्षक वेदव्यास दवे रामनारायण द्विवेदी मोहम्मद इश्तियाक खान श्रीमती विमला दीक्षित गंगा सिंह सेंगर रामकरन गुप्ता श्रीमती शोभना अर्गल खरे यूके बघेल तेजभान सिंह आशीष तिवारी एन पी गुप्ता का स्वागत आरती वंदन और पुष्प वर्षा से किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर



कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ छात्रों ने तिलक वंदन कर शाल श्रीफल भेंट कर चरण स्पर्श कर अपने गुरुजनों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण था नारायण सिंह थापा अवधेश विश्वकर्मा ओम प्रकाश यादव पूर्व छात्रों का सम्मान जो देश की सेवा में सैनिक बलों में कार्यरत हैं उन्हें भी शाल श्रीफल भेंट कर गौरव के साथ सम्मानित किया गया पूरा सभागार वंदे मातरम जय हिंद के नारों से गूंज उठा। रीयूनियन पत्रिका का विमोचन एवं शिक्षकों का आशीर्वचन

इस अवसर पर पूर्व शिक्षकों द्वारा रीयूनियन स्मृति पत्रिका का विमोचन किया गया अपने आशींवचन में गुरु जनों ने भावुक होते हुए कहा हमने ऐसा कौन सा पुण्य किया था कि आज हमें देश-विदेश में बसे अपने शिष्यों का यह स्नेह और सम्मान प्राप्त हो रहा है यह क्षण हमारे लिए अमूल्य और अविस्मरणीय है। उन्होंने पूर्व विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। कविता स्मृतियां और नर्मदा दर्शन पूर्व छात्रों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियां और कविताओं के माध्यम से विद्यालय की स्मृतियों को ताज किया किसी ने अपनी जन्मस्थली का परिचय दिया तो किसी ने बचपन के दिनो और शिक्षा के मूल्यों को शब्दों में पिरोया इस कार्यक्रम के बाद 17 अगस्त को सभी भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का अमरकंटक में मां नर्मदा दर्शन हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव कर कार्यक्रम को और भव्यता मिली इतिहास का महाकुंभ यह रीयूनियन केवल एक मिलन समारोह नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संगम सिद्ध हुआ सभी ने एक स्वर में कहा जो पौधा कभी विद्यालय में लगाया गया था वह आज 50-60 वर्षों में एक विशाल वट वृक्ष बन चुका है जिसकी छाया का लाभ आज पूरा देश और विदेश उठा रहा है।

## नवनियुक्त डॉ. मोईन खान ने दौरा कर ली टीबी की जानकारी




**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत "राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन" भोपाल द्वारा नवनियुक्त डॉ मोईन खान 12 अगस्त से जिला अनूपपुर के अपने प्रथम दौरे पर है। इसी संदर्भमें ब्लॉक पुष्पराजगढ़ व अमरकंटक का विजिट क्रमसः करते हुए सिविल अस्पताल प्राप्त दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विकास खण्ड कोतमा डीएमसी का बुधवार को उनके द्वारा विजिट किया गया। वर्तमान में संचालित निक्षय शिविर के दौरान टीबी जाँच से सम्बंधित जानकारी लेते हुए जैसे टूनाट साइड पर टार्गेट के अनुसार टीबी जाँच की संख्या, टीबी मरीज की निश्चय आईडी, एमडीआर मरीजो की संख्या, दवा की उपलब्धता, डीबीटी की स्थिति आदि की सूक्ष्म व गहन जानकारी ली। टीबी रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए कुछ कमियों को जल्द पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। जिले में कार्यरत प्राइवेट संस्था पीपीएसए के कार्यशैली में सुधार करने की समझाइश दी गई। जिससे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की पारदर्शिता व उसकी पवित्रता बनी रहे। 14 अगस्त को विजिट से सम्बंधित अनूपपुर सीएमएचओ डॉ आर के वर्मा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिला क्षय अधिकारी को एक काबिल टीबी ऑफिसर कह कर सम्बोधित किया गया। इस दौरान कोतमा सीबीएमओ डॉ के एल दीवान, जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश पटेल, बीपीएम अजय सोनी, डीटीसी एसटीएलएस सोहराब अंसारी, ज्योति गुप्ता, शिवकुमार नामदेव, सीएचओ प्रियंका वर्मा, ज्योति प्रधान, मंजू केरकेट्टा, मो, हनीफ़ खान फूल सिंह ओटी आदि लोग उपस्थित थे।

## दृष्टिबाधित बच्चों के साथ मंत्री ने मनाया जन्मदिन

### जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने जन्मदिवस को समाजसेवा और करुणा के एक प्रेरणादायक उदाहरण में परिवर्तित करते हुए छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ स्थित नेत्रहीन विद्यालय में एक भावनात्मक और जनकल्याणकारी आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने दृष्टिबाधित बच्चों के साथ केक काटा और उनके साथ भोजन कर मानवीय संवेदनाओं का अनुकरणीय परिचय दिया। भक्ति, सेवा और उत्सव का अद्वितीय संगम कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके उपरांत विद्यालय परिसर के बच्चों द्वारा सुन्दर भजन प्रस्तुत किया गया उसके उपरांत प्रसाद वितरण और सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया। मंत्री जायसवाल ने बच्चों के साथ सामूहिक भोजन करने के उपरांत सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके मेहनत और लगन से पस्तुत किये गए भजन की प्रशंसा की जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मंत्री जायसवाल का संवेदनशील संदेश दिलीप जायसवाल ने इस अवसर पर कहा "यह मेरा सौभाग्य है कि मैं अपना जन्मदिन समाज के सबसे प्रेरणादायक वर्ग कृ इन नेत्रहीन बच्चों के साथ मना पा रहा हूँ। हमारा कर्तव्य है कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा के माध्यम से एक समावेशी समाज का निर्माण करें। जनप्रतिनिधियों और समाज के विविध वर्गों की गरिमामयी उपस्थिति इस आयोजन में समाज



के हर वर्ग से प्रतिनिधित्व देखने को मिला। क्षेत्रीय पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी, समाजसेवी, चिकित्सक एवं नागरिकों ने भाग लेकर आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम मे हसदेव क्षेत्र के जीएम उमेशचंद्र शर्मा, प्रेमचंद यादव, विद्यालय के प्राचार्य संतोष सिंह, मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पति संजू यादव, बिजुरी अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, बंनगवा अध्यक्ष यशवंत सिंह, डोला अध्यक्ष पति सुरेश कोल, उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष बिजुरी रविंद्र शर्मा, राजनगर मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, कोतमा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, गिरधारीलाल गुप्ता, द्वारिका अग्रवाल, रामजी मिश्रा, रमाकांत सिंह, डॉ. शीतल प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह, कैलाश कोल, रावेन्द्र द्विवेदी, सतीश शर्मा, मोनू त्रिपाठी, अजित अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, हीरालाल साहू, सतेन्द्र सोनी, सचिन पाण्डेय, चंदन सिंह, अनूप तिवारी, अजित सिसोदिया, दारा सिंह, तरुणेन्द्र सिंह साथ ही क्षेत्र के पार्षदगण, पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। यह आयोजन साबित करता है कि मंत्री दिलीप जायसवाल राजनीति से ऊपर उठकर समाज के वंचित वर्गों के लिए सशक्त भाव से कार्य करने वाले जनसेवक हैं। नेत्रहीन बच्चों के साथ उनका यह जन्मदिवस समाज में सेवा, संवेदना और सहभागिता का एक प्रबल संदेश बनकर उभरा है।

## खबर संक्षेप



### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का हुआ शुभारंभ, वजन घटाने और बढ़ाने की आसान सुविधा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अब नगरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और वजन नियंत्रण की बेहतर सुविधा मिलेगी। अल्फा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ने यहां लोगों को वजन घटाने व बढ़ाने, ऊर्जा और फिटनेस बनाए रखने के लिए एक नई हेल्थ सेवा शुरू की है। जिसका शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सू री द्वारा किया गया। सेंटर की ओर से बॉडी फैट एनालिसिस व हेल्थ काउंसलिंग बिल्कुल निःशुल्क प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही ऑनलाइन वर्कआउट सेशन, हेल्दी मील प्लानिंग, बच्चों और बड़ों के लिए पोषण संबंधी सुझाव, स्किन, जॉइंट, ब्रेन, हार्ट और डाइजेस्टिव न्यूट्रिशन पर भी मार्गदर्शन मिलेगा। संस्थान की संचालिका निकहत परवीन ने बताया कि केंद्र पर आने वाले लोगों को उनकी स्वास्थ्य जरूरतों के अनुसार व्यक्तिगत सलाह दी जाएगी। यहां पहले से जुड़ चुके लोगों के शानदार रिजल्ट सामने आए हैं, जिसमें मोटापे से परेशान कई व्यक्तियों ने वजन कम कर स्वस्थ जीवन शैली पाई है।

### अब्दुल रहमान का इंतकाल

**धनपुरी।** सरल, सहज, मृदुभाषी, एवं हमेशा खुश रहने वाले धनपुरी निवासी अब्दुल रहमान का गत दिवस निधन हो गया। रहमान स्वर्गीय मोहम्मद यासीन बाबू एकाउटेंट बंगवार के पुत्र एवं अतीक खान के बड़े भाई थे। अब्दुल रहमान का अपोलो अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी उम्र 56 साल थी उनके पीछे 2 पुत्र व 1 पुत्री हैं। एसईसीएल के सोहागपुर कोयलांचल अंतर्गत बंगवार माइंस में क्लर्क के पद पर तैनात अब्दुल रहमान धनपुरी नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में गिने जाते थे, उनके इस असमय मृत्यु से पूरे नगर में शोक की लहर छा गई। नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उनके घर पहुंचकर अश्रु पूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। जनाजे की नमाज धनपुरी के कब्रिस्तान में में हुई और वहीं उन्हें सुपुर्दे ख़ाक किया गया। इस मौके पर बंगवार सब एरिया मैनेजर संजय सिंह, मैनेजर धनराम कुर्रे, वरिष्ठ पत्रकार सनत कुमार शर्मा,विनोद शर्मा,शमीम खान पत्रकार, जवाहर जसवानी, मुबारक मास्टर,सदन लाल कपूर, महेश पंचवानी, सुभास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### श्री ए अप्पाजी राव का निधन

**धनपुरी।** श्री ए अप्पाजी राव पिता स्व. एएल नारायण राव 87 वर्ष का निधन हो गया। श्रीकौशलेंद्र सिंह, गिरीश निगम, आरके चौकसे, प्राचार्य अनुपमा प्रकाश एवं अखंड ब्राह्मण सेवा समिति भारतवर्ष ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की एवं परिजन पत्नी श्रीमती उमादेवी पुत्र श्रीधरराव, श्रीकांतराव, पुत्री श्रीदेवी, जयश्री,व स्वजनों को इस महान दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदाय हेतु ईश्वर से कामना की है।

## महाप्रबंधक परांजपे की मैदान में सक्रियता

# सब-एरिया मैनेजर और खान प्रबंधक दे रहे पूरा साथ

### हर दिन खदानों का निरीक्षण, श्रमिक हित और उत्पादन लक्ष्य पर फोकस

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।

एसईसीएल सोहागपुर एरिया के नवागत महाप्रबंधक संदीप एस. परांजपे कार्यभार संभालते ही मैदान में उतर गए हैं। उनकी कार्यशैली पूरी तरह से मैदानी निरीक्षण पर आधारित है।









खास बात यह है कि खदान दौरों में उनके साथ सब-एरिया मैनेजर और खान प्रबंधक भी पूरी तरह सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यही कारण है कि इन दिनों एरिया की खदानों में नई ऊर्जा और उत्साह दिखाई दे रहा है।रामपुर-बटुरा और अमलाई ओसीएममहाप्रबंधक परांजपे ने सबसे पहले एरिया की सबसे बड़ी खदान रामपुर-बटुरा ओसीएम का दौरा किया। इसके बाद वे अमलाई ओसीएम पहुँचे। यहाँ सब-एरिया मैनेजर और खान प्रबंधक ने मिलकर उन्हें खदान की भौगोलिक स्थिति और उत्पादन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी।खैरहा अंडरग्राउंड–सब-एरिया मैनेजर हरिबाबू के साथ चार घंटेरविवार को महाप्रबंधक ने खैरहा अंडरग्राउंड माइंस का निरीक्षण किया। उनके साथ सब-एरिया मैनेजर बी. हरिबाबू और खान प्रबंधक मंशाराम मंडारी मौजूद थे। महाप्रबंधक ने करीब चार घंटे भूमिगत खदान में रहकर उत्पादन प्रक्रिया और सुरक्षा इंतज़ामों की बारीकी से समीक्षा की।श्रमिक हित और उत्पादन लक्ष्यश्रमवीरों का कहना है कि सब-एरिया मैनेजर बी हरिबाबू और खान प्रबंधक मंशाराम मंडारी दोनों अधिकारी उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ श्रमिक हितों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।राजेंद्रा-खैरहा उत्पादन संतुलनजानकारों के अनुसार राजेंद्रा माइंस लक्ष्य से पीछे है, जबकि खैरहा माइंस लक्ष्य से आगे। दोनों को जोड़कर देखा जाए तो उत्पादन बराबरी पर है। महाप्रबंधक परांजपे ने संकेत दिया है कि जल्द ही सीएम मशीन लगाकर उत्पादन को गति दी जाएगी।जेएमएम कंपनी उतार रही मशीनखैरहा माइंस में निजी कंपनी जेएमएम ने उत्पादन बढ़ाने के लिए नई मशीन उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे खदान की उत्पादन क्षमता और बढ़ने की संभावना है।अगला पड़ाव–दामिनी और बंगवार अंडरग्राउंडमहाप्रबंधक परांजपे का अगला दौरा दामिनी अंडरग्राउंड माइंस का होगा। यहाँ सब-एरिया मैनेजर संजय सिंह और खान प्रबंधक राजेश खंपरिया पहले से ही कोयला उत्पादन बढ़ाने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में बंगवार माइंस में खान प्रबंधक डी.आर. कुर्रे अपनी टीम के साथ लगातार उत्पादन वृद्धि और श्रमिक सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। इन खदानों के दौरे से महाप्रबंधक की रणनीति और मजबूत होने की उम्मीद है।नई कार्यशैली पर चर्चाएरिया में इस समय चर्चा का विषय यही है कि महाप्रबंधक संदीप एस. परांजपे की सक्रियता और सब-एरिया मैनेजरों व खान प्रबंधकों की भागीदारी ने खदानों में नई कार्यसंस्कृति को जन्म दिया है। श्रमिकों का कहना है कि प्रबंधन अब मैदान में रहकर उनकी समस्याएँ सुन रहा है और उत्पादन के साथ सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दे रहा है।



# बिना टिकट यात्रा करने वालों से हुई लाखों की वसूली

**शहडोल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे टिकट चेकिंग स्क्वाड द्वारा गत दिवस 17 अगस्त को यात्री ट्रेनों में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई और कुल 397 प्रकरण दर्ज कर 2,69,020 रुपये की वसूली की गई। यह वसूली शहडोल में अब तक की एक दिन में हुई सर्वाधिक वसूली मानी जा रही है। इस अभियान में चेकिंग स्क्वाड के सदस्यों ने उल्लेखनीय योगदान दिया। विकास बेहरा सीसीटीसी ने व्यक्तिगत रूप से 154 बिना टिकट मामलों से 1,03,970 रुपये, हरीश सिंह सीटीआई ने 151 प्रकरणों से 1,04,100 रुपये, तथा पी.एस. सिलावट सीटीआई ने 92 मामलों से 60,950 रुपये की राशि वसूल की।

रेलवे प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने के लिए जागरूक करने और रेलवे के राजस्व में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। बिलासपुर जोन के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रवीण कुमार पांडे, बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग सिंह एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री एस. भारतीयन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में यह विशेष चेकिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।

चेकिंग स्टाफ यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने का परामर्श भी दे रहा है। रेलवे प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में बिना टिकट यात्रा करते पाए जाने पर यात्रियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## गौशाला की दुर्दशा पर जनपद पंचायत और जिला प्रशासन मौन

# गौशाला में भूख से तड़पकर दम तोड़ रही गौमाता

### मुड़गुड़ी पंचायत में 100 गायों की क्षमता वाली गौशाला उपेक्षा का शिकार

उमरिया।





जिले के मानपुर जनपद की ग्राम पंचायत मुड़गुड़ी में वर्षों पहले 100 गायों की क्षमता वाली गौशाला का निर्माण कराया गया था। उद्देश्य था कि बेसहारा, घायल और बूढ़ी गायों को यहां आश्रय और भोजन मिल सके। परंतु वास्तविकता इसके उलट है। आज हालात ऐसे हैं कि यहां गायें भूख से तड़प-तड़पकर दम तोड़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि साल 2021-22 में गौशाला के बगल में 6 एकड़ भूमि पर 20 लाख रुपए की लागत से चारागाह विकसित किया गया था। यह चारागाह विशेष रूप से इसी गौशाला की गायों के लिए चारा उपलब्ध कराने हेतु बनाया गया था। किंतु विडंबना यह है कि वर्तमान में उस चारागाह पर भी ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा हर वर्ष की तरह इस साल भी धान की खेती की जा रही है। नतीजा यह कि चारे की बजाय खेत में फसल खड़ी है और गौशाला की गायें मौत के मुंह में जा रही हैं।

### जिम्मेदार कौनः सरपंच, जनपद या पूरा प्रशासन?

सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर इन मौतों के जिम्मेदार कौन हैं? ग्राम पंचायत का मुखिया, जनपद पंचायत का नेतृत्व या फिर पूरा जिला प्रशासन? ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला में पहले भी कई गायें भूख से मरी थीं, लेकिन हर बार मामले को दबा दिया गया। सरपंच की भूमिका सवालों के घेरे में है, क्योंकि चारागाह की जमीन पर चारा उगाने के बजाय निजी हित के लिए धान बोई जा रही है। यदि चारागाह का उपयोग सही ढंग से होता, तो गायों के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्ध होता और मौतें टल जातीं। दूसरी ओर, जनपद पंचायत और जिला प्रशासन का मौन भी संदेह पैदा करता है। ग्रामीणों ने कई बार मौखिक शिकायत की, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों की चुप्पी इस ओर इशारा करती है कि पूरा सिस्टम इस घोटाले का मूक साझेदार है।

### गौमाता की मौत से कटघरे में सरकार के दावे

केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार बार-बार दावा करती है कि गौमाता की सेवा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गोशालाओं के लिए बजट, योजनाएं और घोषणाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। मुड़गुड़ी पंचायत की यह घटना साफ दर्शाती है कि सरकारी घोषणाएं सिर्फ कागजों और मंचों तक सीमित हैं। गौशाला होने के बावजूद यदि गायें भूख से मर रही हैं, तो यह सरकार की नीयत और सिस्टम की कार्यशैली दोनों पर सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में यह गौशाला कब्रिस्तान बन जाएगी। जिस उद्देश्य से करोड़ों खर्च हुए, वही उद्देश्य पूरी तरह विफल हो चुका है।

## एक दिवसीय सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



शहडोल।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विचारपुर फुटबॉल मैदान शहडोल में स्वर्गीय श्रीमती चंदा सिंह की स्मृति में एक दिवसीय सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालक, बालिकाओं ने भाग लिया। बालिका वर्ग में विचारपुर की टीम एवं रिलायंस फाउंडेशन शहडोल के मध्य फुटबॉल प्रतियोगिता हुई जिसमें विचारपुर की टीम विजय हुई।

इसी प्रकार बालक वर्ग में विचारपुर की टीम एवं रेलवे फुटबॉल टीम के मध्य प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें रेलवे फुटबॉल टीम विजय रही।विजेता, उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया।

फुटबॉल प्रतियोगिता के अवसर पर रिलायंस फाउंडेशन शहडोल सीएसआर के हेड राजीव श्रीवास्तव, सहायक संचालक खेल (एन आई एस) फुटबॉल कोच रईस अहमद, खेल युवा कल्याण विभाग शहडोल के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अजय सोंधिया,दयानंद सोंधिया सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने निकाली वोट चोर गद्दी छोड़ यात्रा

### मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ कैंडल मार्च

शहडोल।




मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनावी धांधली के खिलाफ कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ यात्रा निकालकर विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक से कैंडल मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया।

सुभाष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आयोग के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी के हित में कार्य कर रहे हैं और देश के मतदाताओं का वोट चुराने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में इसके ठोस सबूत पेश किए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मृत मतदाताओं के नाम पर हेराफेरी का मामला लोकतंत्र के लिए कलंक है। श्री गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वालों को एक दिन कानून का सामना करना होगा और कांग्रेस सडक़ से लेकर सदन तक आंदोलन जारी रखेगी।

इस अवसर पर अजय अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पूर्व उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रभात पांडे, उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पतंजलि फूड्स के ब्रांड महाकोष की नकल पर की गई कार्रवाई के अलग-अलग मायने

# प्रशासनिक कार्यवाही मे माना कॉपीराइट का उल्लंघन तो फैक्ट्री मालिक ने कहा यह मेरा खुद का ब्रांड

### दोनों ही ब्रांड में स्पष्ट अंतर, नहीं किया कॉपीराइट का उल्लंघन

### दिल्ली के वाणिज्यिक न्यायालय के आदेशानुसार की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित खाद्य तेल बनाने वाली कंपनी बृजधाम ट्रेडर्स पर पतंजलि फूड्स लिमिटेड द्वारा दिल्ली के वाणिज्यिक न्यायालय के आदेशानुसार लोकल कमिश्नर सिमरपाल सिंह द्वारा टीआई कोतवाली अनूपपुर अरविंद जैन, सहायक उप निरीक्षक पवन प्रजापति, प्रधान आरक्षक विनय बैस की मदद से बृजधाम ट्रेडर्स की फैक्ट्री पर छापा मारा। जिसके बाद बताया गया कि पतंजलि के लीगल एडवाइज़र नवकार एसोसिएट्स की तरफ से अधिवक्ता नम्रता जैन और विजय सोनी ने पतंजलि फूड्स लिमिटेड के मशहूर खाद्य तेल ब्रांड 'महाकोष' की पैकेजिंग और ब्रांडिंग की हूबहू नकल कर 'महादेवम' नाम से तेल बेच रही अनूपपुर की कंपनी 'बृजधाम ट्रेडर्स' पर कानूनी कार्रवाई की गई है। पतंजलि कंपनी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि अनूपपुर में संजीव गोयल द्वारा संचालित बृजधाम ट्रेडर्स, "महादेवम" नाम से ऐसा तेल बेच रही है, जो पतंजलि के ब्रांड "महाकोष" की तरह दिखता है और इससे ग्राहकों को भ्रम हो रहा है। उन्होने बताया कि पतंजलि फूड्स लिमिटेड द्वारा दिल्ली के वाणिज्यिक न्यायालय में मामला दर्ज कराया गया। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए लोकल कमिश्नर सिमरपाल सिंह की नियुक्ति की, जिन्होंने 18 अगस्त को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी से मुलाकात कर कोतवाली अनूपपुर की मदद से बृजधाम ट्रेडर्स की फैक्ट्री पर छापा मारा। छापे के दौरान वहां से बड़ी मात्रा में महादेवम ब्रांड के तेल, लेबल और पैकेजिंग मटेरियल को जब्त किया गया। जांच में बताया गया कि फैक्ट्री में पतंजलि के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क और कॉपीराइट की नकल कर नकली उत्पाद तैयार किए जा रहे थे। अदालत के आदेश के तहत इन सामानों को सील कर दिया गया। जांच दल द्वारा अपनी रिपोर्ट माननीय विचाराधीन न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महाकोष व महादेवम दोनों अलग-अलग ब्रांड

इधर बृजधाम ट्रेडर्स के संजीव गोयल ने बताया कि उनके द्वारा खुद के ब्रांड महादेवम देकर तेल बना रही है तथा इसका व्यापार कर रही है जबकि पतंजलि के लोगों द्वारा कापीराइट का आरोप लगाया जा रहा है जो सर्वथा अनुचित है। हमने किसी भी कंपनी की नकल नही की है तथा हम ऐसा करना भी नही चाहते क्योंकि हम किसी भी कंपनी का लोगो या मिलता जुलता नाम अथवा पहचान लेकर अपनी कंपनी की पहचान कम नही करना चाहते। हमने खुद का बिजनेस शुरू किया है जिसमे किसी भी कंपनी अथवा उनके ब्रांड का कोई लेना-देना नही है। यदि हमारे ब्रांड महादेवम व पतंजलि ब्रांड का महाकोष के पैकेजिंग, डिजायनिंग, लोगो, ब्रांडिंग या अन्य डियाजन की तुलना की जाये तो दोनो ही ब्रांडों मे स्पष्ट अंतर है। इसके अलावा कंपनी द्वारा लगाये गये आरोप कि महाकोष के नाम से मिलता जुलता नाम महादेवम रखकर तेल का व्यापार किया जा रहा है तो इसमे महाकोष और महादेवम एक दूसरे से सर्वथा अलग हैं। दोनो ही नाम व नाम के अर्थ मे भी अंतर है इसके बाद भी पतंजलि द्वारा कहा जा रहा है कि हमने कापीराइट का उल्लंघन किया है। जबकि महादेवम हमारा खुद का ब्रांड है और इसका अन्य कंपनियों से कोई भी सरोकार नही है।

# आरएसएस कार्यालय में कबड्डी एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कबड्डी एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जिले के 10 विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एकलव्य आवासीय विद्यालय ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भारत ज्योति विद्यालय, अनूपपुर द्वितीय और सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर तृतीय स्थान पर रहा। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों, प्रतिभागियों सहित सभी दर्शकों के लिए उत्तम भोजन की व्यवस्था की गई। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित समाज के प्रमुख जनों ने कार्यक्रम का उत्साहवर्धन किया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं क्रीड़ा भारती के कार्यकर्ताओं ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं दीं और खेल भावना को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### शामावि कन्या बस्ती में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय कन्या बस्ती, अनूपपुर में शासन के निर्देशानुसार 16 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में शिक्षिकाएँ सविता प्रजापति, शैल शर्मा एवं एस. स्वाती राव द्वारा विद्यार्थियों की सहायता से आकर्षक झांकी तैयार की गई। मंच पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में संकुल प्रभारी अजय कुमार जैन मुख्य अतिथि एवं चैतन्य मिश्रा, लक्ष्मण राव सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, अभिभावक व अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने राधाकृष्ण की झांकियाँ, गीत और रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर सभी को भावविभोर कर दिया। मंच पर मनमोहक प्रस्तुतियों के बाद प्रधानाध्यापक द्वारा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को संस्था की ओर से पारितोषिक वितरित किए गए। अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। अंत में जलपान एवं प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्रसाद ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर।** संयुक्त संघर्ष मंच के आव्हान पर जिले के विभिन्न विभागों के संविदा अधिकारी-कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर अनूपपुर को मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे मांग रखी गई कि महंगाई भत्ता नियमित कर्मचारियों के समान सीपीआई इंडेक्स के आधार पर दिया जाए। अवकाश प्रावधान अर्जित एवं मेडिकल अवकाश की सुविधा दी जाए। संविदा नीति संशोधन धारा 9.86.2 एवं 11.5 को हटाया जाए। भर्ती प्रक्रिया 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ अनुभव अंक जोड़कर वरीयता दी जाए। योजना समाप्ति पर पुनर्नियुक्ति कर्मचारियों को समकक्ष योजना में समायोजित किया जाए। विसंगति निराकरण लंबित आवेदनों का एक माह में निपटारा हो। बीमा सुविधा प्रत्येक संविदा कर्मचारी का कम से कम 20 लाख रुपये का सामूहिक बीमा हो। अन्य सुविधाएँ शासकीय अवकाश, आवास भत्ता एवं समय-समय पर वेतन वृद्धि दी जाए। चिकित्सा पद स्वास्थ्य विभाग के संविदा पदों को नियमित किया जाए। ज्ञापन में डाटा एंट्री ऑपरेटर समेत अन्य पदों की समकक्षता निर्धारण को मैट्रिक्स लेवल-6 में रखने की भी मांग की गई।

### घायल वृद्ध को वनविभाग ने दी सहायता राशि



**अनूपपुर।** जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र एवं तहसील अंतर्गत नगर परिषद डूमरकछार के पौराधार में विगत रात अपने शावक के साथ बांड़ी में लगे भुट्टा खाने आयी एक मादा भालू ने एक वृद्ध पर हमला कर घायल कर दिया,हो-हल्ला होने पर मादा भालू शावक के साथ जंगल की ओर चली गई भालू के काटने से घायल वृद्ध को बिजुरी से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर भर्ती किया गया है जहां उपचार चल रहा है घटना की सूचना पर वनविभाग कोतमा के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में घायल वृद्ध को प्रारंभिक सहायता राशि प्रदान की है। घटना के संबंध में वार्ड क्रमांक 1 पौराधार तहसील तथा वन परिक्षेत्र कोतमा निवासी आनंदराम यादव पिता बोधीराम यादव 51 वर्ष में बताया कि वह रविवार एवं सोमवार की मध्य रात्रि 2 बजे के लगभग अचानक उठकर बांडी की ओर गया तभी बांड़ी में लगे भुट्टे की फसल से कोई जानवर के भुट्टा की फसल को खाने की आहट मिलने पर हो-हल्ला किया इस बीच एक भालू उसके पास आकर हमला करते हुए बाएं हाथ में मुंह तथा नाखूनों से हमला कर घायल किया इस बीच भालू का एक शावक भी साथ था जो उसके कन्धे मे रखे कंबल को खींचकर नोचता रहा इस बीच हो- हल्ला करने पर मादा भालू अपने शावक को लेकर घर से कुछ दूर पर स्थित जंगल की ओर चली गई। हमले से घायल वृद्ध को परिजनों के द्वारा बिजुरी अस्पताल में ले जा कर उपचार कराया जहां प्रारंभिक उपचार बाद बेहतर उपचार हेतु चिकित्सक द्वारा जिला चिकित्सालय अनूपपुर में रेफर किए जाने पर ड्यूटी डॉक्टर द्वारा वृद्ध को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

## नेता व अधिकारियों के मंदिर से जाते ही रखे डस्टबिन नगर पालिका ने उठवा लिये

# दिखावे तक सीमित नगर पालिका का स्वच्छता अभियान

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के भव्य समारोह मे नगर पालिका ओछी हरकत से क्षुब्ध श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जगह-जगह जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया 2 दिन पहले से मंदिरों की साफ सफाई रंग रोगन, झालर, झूमर एवं आकर्षक लाइट से सजाया गया।**





जिला प्रशासन की देखरेख में पूरे जगह सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात किए गए जिला मुख्यालय में स्थित राम जानकी मंदिर वार्ड नंबर 4 के पुजारी पंडित नरेंद्र प्रसाद तिवारी ने बताया कि राम जानकी चेरिटेबल ट्रस्ट वर्ष में होने वाले हर त्यौहार में मंदिर की देखरेख पूजा प्रसाद की विधिवत व्यवस्था करती हैं जिसमें सभी नगर वासियों का सहयोग रहता है, इस वर्ष मुख्यमंत्री के आदेशानुसार विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्री ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कमलेश पुरी व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण मन्दिर में उपस्थित थे। इन्होंने कार्यक्रम को सराहना की व दर्शन प्राप्त किया। मध्य रात्रि ठीक 12 बजे शंख व घंटे की ध्वनि के साथ भगवान का जन्म हुआ व आतिशबाजी की गयी। आरती पूजन पश्चात बधाई गीत गाये गए व प्रसाद वितरण किया गया। महिलाओं बच्चों और अन्य वर्ग के लोगों ने भक्तिमय कार्यक्रम का आनंद लिया, साथ ही शहर के शिव मारुति मंदिर सामतपुर मंदिर, राम जानकी मंदिर पुरानी बस्ती, शिव मंदिर चेतना नगर, तिपान एवं सोन नदी के शिव मंदिर एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय में बड़े ही उत्साह के साथ क कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया व भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

#### मटकी फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के उपलक्ष्य में विगत 7 वर्षों से मां मनोकामना समिति एवं श्री दुर्गा मंदिर मढिया के द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी दुर्गा मंदिर मढिया के प्रांगण में मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें मिनी मटकी फोड़ बच्चों के लिए व बड़े युवाओं के लिए 50 फिट मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें आयोजक समिति के टीम द्वारा अंत में मटकी फोड़ के कार्यक्रम को पूर्ण किया गया कार्यक्रम में पुलिस बल का पूर्ण सहयोग रहा जिससे शांति और सुरक्षा पूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हो सका। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में सभी समितियो द्वारा जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और आगे भी इसी तरह सहयोग की अपेक्षा की गयी।

#### लोक कलाकार एवं उनके दल ने बांधा समां

कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा रीवा से आए लोक कलाकार शशि पांडेय एवं उनके दल ने श्रीकृष्ण भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर भक्तिमय वातावरण बना दिया। हारमोनियम, ढोलक और मंजीरे की संगत पर गाए गए भजन सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। उनकी अनोखी गायकी और सुमधुर स्वर ने उपस्थित जनों को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। बाल-गोपाल की लीलाओं का चित्रण करते गीतों ने हर किसी को कृष्ण भक्ति में डुबो दिया। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने लोक कलाकार शशि पांडेय एवं उनके दल तथा पुजारियों को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में कलाकारों की भक्ति-भाव से भरी प्रस्तुति और पुजारी की सेवाभावना की सराहना करते हुए राज्य मंत्री ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

#### नगर पालिका का दिखावे का स्वच्छता अभियान

स्वच्छता के प्रति नगर पालिका की शर्मनाक हरकत से नगरवासी क्षुब्ध हैं। मामला जन्माष्टमी से ही जुड़ा हुआ है। जन्माष्टमी के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर मे मंत्री दिलीप जायसवाल समेत अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, स्वयं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनूपपुर भूपेंद्र सिंह, लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। जिनके दिखावे के लिए नगर पालिका ने आनन-फानन मे रात मे ही लगभग आधा दर्जन डस्टबिन मंदिर के आसपास रखवा दिये थे, जिससे ऐसा प्रतीत हो कि नगर पालिका स्वच्छता के मामले मे हर प्रकार से सजग है, लेकिन नेता व अधिकारियों के मंदिर से जाते ही मंदिर के पास रखे गये डस्टबिनों को नगर पालिका ने तुरंत उठवा लिया, जबकि मंदिर के पास हजारों की संख्या मे भक्तगण मौजूद थे तथा भण्डारे व प्रसाद ले रहे थे, जिनके द्वारा डस्टबिन वापस ले जा रहे कर्मचारियों से सवाल भी किया गया, लेकिन उनका कहना था कि हमें निर्देश मिले हैं कि कुछ घंटे पहले रखे गये डस्टबिनों को वापस ले आओ इसलिए हम तो ले ही जायेंगे। उनके द्वारा डस्टबिन ले जाने के बाद भण्डारे व प्रसाद लेने के बाद दोना पत्तल रखने की व्यवस्था न होने पर मंदिर के आसपास गंदगी फैल गई। नगर पालिका की ऐसी शर्मनाक व ओछी हरकत से जहां भक्तों मे नपा के प्रति आक्रोश व्याप्त है वही मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं ने इस निंदनीय कार्य के लिए जिम्मेदारों को दण्डित किये जाने की मांग की है।

# अग्रवाल समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया कजली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

रविवार सायं अनीता मंडपम में आयोजित कजली मिलन समारोह की शुरुआत अग्रसेन महाराज की पूजा-अर्चना और अग्रसेन महाराज की जय-जयकार के साथ हुई। इस भव्य आयोजन में अग्रवाल समाज के सदस्य बड़ी संख्या में परिवार सहित उपस्थित हुए और एक-दूसरे को काजलिया देकर त्यौहार की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में छोटे-बड़े सभी ने एक-दूसरे का सम्मान किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत सभी अतिथियों के लिए विशेष रात्रि भोज की व्यवस्था की गई थी जिसका समाजजनों ने मिलकर भरपूर आनंद उठाया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल ने कहा कि कजली मिलन जैसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने और भाईचारे को मज़बूत करने का माध्यम हैं। समाज के सभी बंधुओं की उपस्थिति से यह आयोजन सफल और यादगार बना। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ संरक्षक संतोष अग्रवाल (एडवोकेट) सहित अन्य वरिष्ठजनों की विशेष उपस्थिति रही। वरिष्ठों ने समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने पर जोर दिया। अग्रवाल समाज के इस आयोजन ने सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की मिसाल पेश की। बड़ी संख्या में समाज के घरों से लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बना दिया।

# अरण्डी आश्रम अमरकंटक में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



तीर्थ नगरी अमरकंटक स्थित अरण्डी आश्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का सफल समापन हुआ। कथा का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक, अमरकंटक शाखा प्रबंधक गौरव उपाध्याय द्वारा सपरिवार किया गया। कथा वाचन श्री वृन्दावन धाम के प्रख्यात आचार्य पं. रविकृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से हुआ, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े भाव से श्रवण किया। इस अवसर पर गौरव उपाध्याय ने बताया कि "अमरकंटक में पदस्थ होने के प्रथम दिन ही मैंने संकल्प लिया था कि माता-पिता सहित श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करूंगा आज वह संकल्प पूर्ण हुआ। कथा समापन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमरकंटक के विभिन्न आश्रमों से पधारे संत-महात्माओं का पुष्पमालाओं, साल-श्रीफल और चंदन-वंदन से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वामी नर्मदानंद जी महाराज, स्वामी धर्मानंद जी महाराज, स्वामी लवलीन बाबा जी महाराज, स्वामी महेश चेतन जी महाराज, स्वामी केदारनाथ जी महाराज, नर्मदा मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. कामता प्रसाद द्विवेदी, पं. उमेश प्रसाद द्विवेदी, श्री मार्कंडेय आश्रम से रामनरेश शास्त्री, शांति कुटी आश्रम से विमल त्रिवेदी, महामृत्युंजय आश्रम के व्यवस्थापक योगेश दुबे सहित सभी संतों एवं ब्राह्मणों का विधिवत पूजन कर अभिनंदन किया गया। अंत में प्रसाद स्वरूप भंडारा वितरित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया।



# चोरी के आरोपी के साथ गाड़ी खरीदने वाले पहुंचे सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

कोतमा पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुई बाइक चोरियों का बड़ा खुलासा करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने रिमांड के दौरान पूंछतांछ कर 2 और बाइक बरामद करने में सफलता पाई है। कुल चोरी के 17 मोटरसाइकिल सहित 4 चेचिस भी बरामद हो सका। मामले में फरार चोरों एवं चोरी की गाड़ियों को खरीदने वाले आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी सैफ अहमद 24 वर्ष कोतमा, सरफराज उर्फ सरफरोज धनपुरी जिला शहडोल चोरी के वाहनों को खरीदने वाले हिस्ट्रीशीटर कबाडचोर बबलू उर्फ मुकेश जायसवाल निवासी बसखली तिराहा एवं मो कलाम को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

#### कबाड़ की आड़ में खप रही चोरी की गाड़ियां

बताया जा रहा है कि बसखली तिराहे के पास मुकेश जायसवाल उर्फ बबलू 35 वर्ष के द्वारा कबाड़ दुकान की आड़ में पिछले कई वर्षों से चोरी के समान एवं गाड़ियां खरीदने का कार्य किया जा रहा था। आरोपी के खिलाफ कोतमा एवं भालूमाड़ा में आधा दर्जन चोरी के मामले दर्ज है जो कई बार जेल भी जा चुका है।बबलू जायसवाल के कबाड़ अड्डे से चोरी की 4 गाड़ियों सहित चार चेचिस कीमती 3 लाख का माल बरामद किया गया। आसपास के थानो की पुलिस भी गाड़ियों एवं चोरों की पहचान हेतु कोतमा थाना पहुंच रही है।

**इनका कहना है**

रिमांड के दौरान 2 और गाड़ियां भी बरामद की गई। फरार चोर एवं सामान खरीदने वालों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

# कोटि तीर्थ घाट गांधी कुंड में सुलभ शौचालय का गंदा बदबूदार पानी जाना हुआ बंद




हरिभूमि
प्रशासन की अनदेखी से पवित्र न...
हो रही प्रदूषित, श्रद्धालु परेशान

## खबर का असर

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

प्रदेश का प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में डुबकी लगाने एवं स्नान करने नर्मदा कुंड के बाद कोटि तीर्थ घाट गांधी कुंड में इंद्र दमन तालाब के पास दक्षिण तट पर बने सुलभ शौचालय का गंदा बदबूदार पानी का रिसाव होकर सीधे ही कोटि तीर्थ घाट एवं गांधी कुंड में प्रवाहित हो रहा था इससे भक्त श्रद्धालुओं तीर्थ यात्रियों दर्शनार्थियों की आस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था जिसको लेकर हरिभूमि ने 12 अगस्त को खबर का प्रकाशन कर जिम्मेदारों को इस ओर आवश्यक कार्यवाही के लिए ध्यान आकर्षित कराया था जिसके बाद स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर रिस रहे गंदे बदबूदार पानी को रोके जाने हेतु कदम उठाया गया। नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते ने कहा कि समाचार पत्र ने अपना नैतिक दायित्व निभाते हुए इस और ध्यान दिलाया। जानकारी मिलते ही तत्काल कार्यवाही की गई समाचार पत्र समाज का आईना है वह समय-समय पर समाचार पत्र के माध्यम से ध्यान आकृष्ट करते हैं इस पर त्वरित कार्यवाही की जाती है। यह अच्छी बात है कि समाचार पत्र प्रतिनिधि समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हैं जिनसे हमें जानकारी मिलती है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गांधी कुंड कोटि तीर्थ घाट में शौचालय का गंदा बदबूदार प्रदूषित पानी प्रवाहित होने का समाचार प्रकाशित किया गया था लेख किया गया था कि नर्मदा जल में मिलने से पर्यावरण एवं नर्मदा जल दूषित हो रहा है इससे स्नान डुबकी में विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

न्यायालयः न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कैम्प बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
प्र.क्र. - 159/2024
पेशी दिनांक - 28/8/2025
प्रोसेस क्र.- 1061/25
श्रीमती शाईमा परवीन+2
विरुद्ध
मोहम्मद अकबर
ईश्तहार (समंस)
वादी/आवेदक/आवेदिका शाईमा परवीन ने प्रतिवादी/ अनावेदक मोहम्मद अकबर आ. स्व. अलीहसन निवास/ ग्राम सामदपुर अनुपपुर (म.प्र.) पो. थाना अनुपपुर तहसील अनुपपुर जिला अनुपपुर (म.प्र.) के विरुद्ध धारा 144 B.N.S.S. के तहत वाद/आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई के लिए प्रकरण न्यायालय में लंबित है। समाचार प्रकाशन के माध्यम से यह सूचना प्रकाशित किया जा रहा है कि आप दिनांक 28/8/25 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करें। यदि किसी कारणवश दिनांक 28/8/25 को स्थानीय अवकाश अथवा पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर रहते हैं, तो अनावेदक/प्रतिवादी आगामी कार्य दिवस पर आवश्यक रूप से उपस्थित रहे। अन्यथा आगामी कार्यदिवस पर प्रकरण में उसके विरूद्ध अग्रिम एकपक्षीय कार्यवाही अग्रसर किया जावेगा।
आज दिनांक 31/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।
(संजीव कुमार टामक)
न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया, छ.ग.